# Language and Communication skills






26 सितंबर तक भरा जाएगा।

## 'चिड़िया,बादल,तितली,एक सुंदर अफसाना मां...

मोतिहारी | निज प्रतिनिधि

### कवि-गोष्ठी

- एलएनडी कॉलेज में राष्ट्रीय युवा कवि-गोष्ठी संपन्न
- कविताओं ने मानवीय अहसास व प्रेम का किया मनमोहक चित्रण

एलएनडी कॉलेज में आईक्यूएसी द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय युवा कवि/कवयित्री वेब संगोष्ठी आयोजित की गई। यह काव्य गोष्ठी हिंदी विभाग की ओर से आयोजित की गई। गोष्ठी में कॉलेज के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अरुण कुमार ने देश के विभिन्न प्रान्तों से जुड़े कवि/कवयित्रियों का स्वागत किया। इन्होंने गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे कवि आलोकधन्वा का स्वागत किया।

गोष्ठी में उत्तर-प्रदेश से दीपक जायसवाल, उत्तराखंड से अंकिता रासुरी, मध्यप्रदेश से अस्मूरारी नंदन मिश्र, पटना, बिहार से नताशा वत्स, सुपौल, बिहार से मिथिलेश कुमार राय, पटना, बिहार से एकता प्रकाश, नई दिल्ली से अफसाना हयात, पटना, बिहार से रश्मि प्रिया, भागलपुर, बिहार से घुंघरू परमार तथा झारखण्ड से जगदीश सौरभ ने अपनी कविताओं, शेर व गजल से देश, दुनिया, समाज, राजनीति, प्रकृति, मानवीय अहसास, प्रेम का मनमोहक चित्रण प्रस्तुत किया। कवयित्री नताशा वत्स ने कहा-'प्रथम बार मेरा गर्व धूं धूं कर जल उठा सम्राट अशोक, जब देखा तुम लाशों के पुल पर खड़े थे..' को प्रस्तुत किया। वहीं, कवि जगदीश सौरभ ने 'चिड़िया, बादल, तितली, [illegible] एक सुंदर अफसाना मां, नींद में बिस्तर, [illegible] मुख में दाना-दाना मां' प्रस्तुत कर [illegible] किया। अन्य कवियों ने [illegible] बढ़कर एक प्रस्तुति दी। अध्यक्षता कवि आलोक धन्वा ने की। गोष्ठी के अंत में राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कुमार राकेश रंजन ने सभी प्रतिभावान कवियों/कवयित्रियों को काव्य रचनाओं का विश्लेष्ण करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। गोष्ठी में मीडिया प्रभारी डॉ. कुमार राकेश रंजन के अनुसार, ऑनलाइन संगोष्ठी में डॉ.सुबोध कुमार, डॉ.राजेश कुमार सिन्हा, प्रो. दुर्गेशमणि तिवारी, प्रो.राकेश रंजन कुमार, डॉ.जौवाद हुसैन, डॉ.नीरज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**वेब संगोष्ठी** एलएनडी महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा कवि गोष्ठी का आयोजन

# युवा क़वियों ने जीवन के स्पंदन का कराया अहसास

- एलएनडी कॉलेज में राष्ट्रीय युवा कवि गोष्ठी का हुआ ऑनलाइन आयोजन
- देश के विभिन्न हिस्सों के कवियों ने सम सामयिक विषयों को भी छुआ

जासं, मोतिहारी : ऑनलाइन वेब संगोष्ठी की श्रृंखला की कड़ी में बुधवार को लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय मोतिहारी में आंतरिक गुणवत्ता निश्चयन प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय युवा कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह काव्य गोष्ठी हिंदी विभाग की ओर से आयोजित की गई। हिंदी के विभागाध्यक्ष ने गोष्ठी का सफल संचालन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार ने देश के विभिन्न प्रांतों से जुड़े कवियों का स्वागत किया। उन्होंने गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे बिहार के जाने माने वरिष्ठ कवि आलोक धन्वा का स्वागत करते हुए उनका साधुवाद भी किया। प्राचार्य ने कहा कि इस तरह की साहित्यिक गतिविधियों से महाविद्यालय की गरिमा बढ़ेगी तथा राष्ट्रीय पहचान भी मिलेगी। इस गोष्ठी में उत्तर-प्रदेश से दीपक जायसवाल, उत्तराखंड से अंकिता रासुरी, मध्यप्रदेश से अस्मुरारी नंदन मिश्र, पटना से नताशा वत्स, सुपौल से मिथिलेश कुमार राय, पटना से एकता प्रकाश, नई दिल्ली से अफसाना हयात, पटना से रश्मि प्रिया, भागलपुर से घुंघरू परमार तथा झारखंड से जगदीश सौरभ ने अपनी कविताओं, शेर एवं गजल से देश, दुनिया, समाज, राजनीति, प्रकृति, मानवीय एहसास एवं प्रेम का मनमोहक चित्रण प्रस्तुत किया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि आलोक धन्वा ने युवा कवियों को आशर्वाद देते हुए भाषायी नसीहतें भी दीं। जीवन के स्पंदन को सूक्ष्मता से महसूस करने वाले कवि ने कहा कि अपने साथ अपने आस-पास के जीवन पर भी नजर रखें। संबसे सुंदर फूल घास में खिलते हैं। गोष्ठी के अंत में राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कुमार राकेश रंजन ने सभी प्रतिभावान कवियों की काव्य रचनाओं का विश्लेष्ण करते हुए आभार प्रकट किया। उन्होंने संवाद प्रेषित करते हुए कहा कि ऑनलाइन संगोष्ठी में इतिहास के विभागाध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार, दर्शनशास्त्र अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार सिन्हा, अर्थशास्त्र अध्यक्ष प्रो. दुर्गेशमणि तिवारी, भूगोल अध्यक्ष प्रो. राकेश रंजन कुमार, उर्दू अध्यक्ष डॉ. जौवाद हुसैन, डॉ. नीरज कुमार सहित सभी अतिथि प्राध्यापक, सभी शिक्षकेतर कर्मी आदि शामिल हुए।

# युवा संसद में लवली को प्रथम स्थान

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा किया गया आनलाइन आयोजन, केंद्रीय विवि की माधुरी सिंह को द्वितीय स्थान



लवली कुमारी। • जागरण

जासं, मोतिहारी : भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित नेशनल यूथ पार्लियामेंट फेस्टिवल-2022 के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इसमें पूर्वी चंपारण जिले से लक्ष्मी नारायण दूबे कालेज की एनएसएस स्वयंसेविका व राजनीति विज्ञान की छात्रा लवली कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरूण कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा के अगले राउंड में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होने कहा कि आज लडकियां भी उन्मुक्त गगन में उड़ान भरने को तैयार हैं, जरूरत है उन्हें सही मौका देने का। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अरविंद कुमार ने भी इस छात्रा का उत्साहवर्धन किया है। वहीं, मीडिया प्रभारी डॉ. कुमार राकेश रंजन ने कहा कि लवली ने प्रारंभिक राउंड पार कर लक्ष्मी नारायण दूबे कालेज तथा पूर्वी चंपारण जिले का नाम रोशन किया है। बता दें कि राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के अंतर्गत प्रत्येक जिले के शीर्ष दो प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में प्रत्येक जिले से राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। जिसमें प्रतिभागियों को छह शीर्षकों में से किसी एक पर चार मिनट का भाषण देना होता है। जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन सीतामढ़ी नेहरू युवा केंद्र ने किया था, जिसमें सीतामढ़ी, शिवहर, समस्तीपुर और पूर्वी चंपारण के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। पूर्वी चंपारण जिले से भाग लेने वाले अन्य प्रतिभागियों में ऐश्वर्या प्रियदर्शिनी, शाईस्ता परवीन, अवनीश कुमार, आदर्श कुमार, माधुरी सिंह, रौनक कुमार आदि शामिल हैं। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी की माधुरी सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

**National Youth Parliament District Level Competition 2022**

दैनिक भास्कर मोतीहारी 11-12-2021

**दिया गया संदेश** • एलएनडी कॉलेज में मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# 'जियो और जीने दो' ही मानवता का मुख्य सिद्धांत

सिटी रिपोर्टर | मोतिहारी

शहर के एलएनडी कॉलेज में शुक्रवार को मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईक्यूएसी के सौजन्य से राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अरुण कुमार, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अरविंद कुमार व राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. कुमार राकेश रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार ने मानवाधिकार पर विस्तार से अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा कि ''जियो और जीने दो'' ही मानवता का मुख्य सिद्धांत होना चाहिए। परमार्थ पर आधारित जीवन शैली ही मानवाधिकारों का सच्चा सम्मान है। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार ने मानवाधिकार के अतीत और वर्तमान पर सारगर्भित प्रस्तुति दी। उन्होंने मैग्नाकार्टा से लेकर आज तक के मानवाधिकार पर व्याख्यान दिया। एनएसएस पीओ प्रो. अरविंद कुमार ने पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विषय प्रवेश कराया। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. कुमार राकेश रंजन ने कहा कि मनुष्य परमात्मा की सर्वोत्तम कृति है। इनके कर्तव्यों की संवेदनशीलता पर ही मानवाधिकारों की गतिशीलता निर्भर करती है।



क्विज प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य व अन्य।

**क्विज में सौरभ शिखर व प्रिंस कुमार की टीम रही विजेता :** इसके पश्चात पंजीकृत प्रतियोगियों के बीच मानवाधिकार मुद्दों पर क्विज का आयोजन किया गया। क्विज में कुल पंजीकृत 27 टीमों के बीच पहले लिखित परीक्षा आयोजित की गयी। इसमें मानवाधिकार संबंधी 20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए, जिसका पूर्णांक 100 था। लिखित परीक्षा से अधिकतम प्राप्तांक वाले पांच टीमों का चयन किया गया। एक टीम में दो विद्यार्थियों को रखा गया था। ए-5 टीम से राजनीति विज्ञान विभाग के सौरभ शिखर व प्रिंस कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सी -2 टीम से बीएड विभाग के आदित्य व शाजिया खानम ने द्वितीय तथा सी -3 टीम से विज्ञान संकाय के दिनेश कुमार व शिक्षा संकाय से राहुल कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया।




**Anti-Terrorism Day: The objective of the day is to promote national harmony, mitigate terrorism, and unity among people of all caste, creed, and sex.**

# एलएनडी कॉलेज की काजल जिलास्तरीय युवा संसद में बनी प्रथम विजेता

बीएनएम@मोतिहारी।

जिले के एलएनडी कॉलेज भूगोल विभाग द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत छात्रा काजल कुमारी पूर्वी चंपारण जिलास्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में प्रथम विजेता बनकर विभाग, महाविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना व जिले का सम्मान बढ़ायी है।

ज्ञातव्य हो कि महाविद्यालय स्तर पर आयोजित युवा संसद प्रतियोगिता में जीतकर इस महाविद्यालय से काजल कुमारी, शालू कुमारी व भृति राज तीन प्रतिभागियों को जिलास्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में अग्रसारित किया गया था।

प्राचार्य प्रो.(डॉ.)अरुण कुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी दक्ष शिक्षकों के सामूहिक सहयोग व बुलंद



इरादों से यहां की प्रतिभाएं निरंतर प्रस्फुटित हो रही है।

पूर्व में राष्ट्रीय बाल दिवस के शुभ अवसर पर संसद में प्रतिनिधित्व कर चुकी लवली कुमारी तथा पुनः जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में प्रथम विजेता बनकर उभरी काजल कुमारी नारी सशक्तिकरण की अप्रतिम प्रतीक है।

यहां के विद्यार्थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करते हुए महाविद्यालय को नई ऊंचाई की ओर गतिशीलता प्रदान कर रहे है।

समस्तीपुर नोडल जिला केंद्र के तत्वावधान में 29 जनवरी रविवार को पूर्वाह्न 10:45 बजे आभासी माध्यम/वर्चुअल मोड में यह प्रतियोगिता आयोजित किया गया था।

काजल कुमारी ने जुरी द्वारा निर्धारित स्किल डेवलपमेंट: वन ऑफ द कीज टू ईंपावर यूथ विषय पर अधिकतम 4 मिनट में अंग्रेजी माध्यम से बोलकर अन्य प्रतिभागियों को पीछे छोड़ दी। जुरी द्वारा घोषित परिणाम में यह अधिकतम स्कोर प्राप्त करते हुए प्रथम विजेता बनी।

अब यह राज्यस्तरीय राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में प्रतिभागी होंगी। ध्यातव्य हो कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव कार्यक्रम, 2023 का आयोजन किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि राज्य युवा संसद में चयन के लिए आर्टिक्यूलेशन, विचार की स्पष्टता, विषय वस्तु का ज्ञान व आचरण के मानदंड पर वक्ताओं का चयन किया जाता है।

काजल कुमारी की इस उपलब्धि पर मीडिया प्रभारी डॉ.कुमार राकेश रंजन सहित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों द्वारा बधाई दिया जा रहा है।

**District level NYPF 2023**